एसोचैम का अनुमान, आंतरिक मांग से देश की वृद्धि दर को मिलेगी मजबूती

वैश्विक संकट के बावजूद भी भारत की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में ऊंची बनी रहेगी

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

भारत के प्रमुख उद्योग मंडल एसोचैम का अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक संकटों के चलते आपूर्ति श्रृंखलाओं के व्यवधान से वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर मंद हो सकती है पर भारत आंतरिक उपभोग और निवेश मांग की बदौलत अगले वित्त वर्ष 2026-27 सात प्रतिशत से ऊपर की तेज गति से वृद्धि की राह पर बना रहेगा।

एसोचैम का मानना है कि 2026 में वैश्विक वृद्धि दर नरम पड़ कर 3 प्रतिशत से नीचे रह सकती है। संगठन ने आगाह किया है कि चूँकि रुपये के मूल्य में काफ़ी गिरावट आई है, इसलिए घरेलू बाजार में एलपीजी सिलेंडरों जैसे कुछ क्षेत्रों में ऊर्जा की कीमतें भी बढ़ी हैं और इसका असर आने वाले समय में महंगाई के रुझानों पर देखने को मिलेगा। उद्योग मंडल ने गुरूवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर पश्चिम एशिया युद्ध के असर को कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम असरदार और सही समय पर हैं। एसोचैम के अध्यक्ष निर्मल के. मिंडा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेज़ी से बढ़ रही है और वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी में 7.6 प्रतिशतकी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

मिंडा ने कहा कि पिछले कई सालों से सुधारों के ज़रिए सरकार का मज़बूत समर्थन बिज़नेस के भरोसे को बढ़ाता है। घरेलू खपत का रुझान कई सालों के सबसे ऊँचे स्तर पर है, जिसे कर व्यवस्था में सुधार और'ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस'(कारोबार करने में आसानी) में किए गए साहसी सुधारों से समर्थन मिला है, और निवेश भी उसी रफ़्तार से बढ़ रहा है। श्री मिंडा ने कहा,'आगे उम्मीद है कि भारत की वृद्धि अगले वित्त वर्ष 2026-27 में सात प्रतिशत से ऊपर बना रहेगा, जबकि ग्लोबल ग्रोथ के तीन प्रतिशत से नीचे गिरने का डर है।'

एसोचैम का कहना है कि 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगभग 7.6 प्रतिशत पर अपरिवर्तित बना हुआ है, और आने वाले वित्त वर्ष, 2026-27 में 7 प्रतिशत से ज़्यादा की वृद्धि की उम्मीद है भू-राजनीतिक और अमेरिका में ऊंचे शुल्क से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद, भारत की वृद्धि दर पिछले तीन सालों में सात प्रतिशत से ज़्यादा की रही है। फरवरी 2026 के महीने में भारत का विनिर्माण क्षेत्र संबंधी परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) 56.9 और सेवा क्षेत्र पीएमआई 58.1 पर रहा जो दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं (अमेरिका , चीन और जर्मनी) में सबसे ज़्यादा रहे।

निर्यात में अप्रैल से फरवरी 2025-26 के दौरान लगभग 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जिससे यह बढ़कर 791 अरब डॉलर तक पहुँच गया है। इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन, रत्न और आभूषण, तथा कृषि उत्पादों से एक्सपोर्ट को ज़बरदस्त समर्थन मिल रहा है। भारत के पास विकसित, उभरती हुई और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में अपने व्यापार को विविध बनाने के कई अवसर मौजूद हैं।

एसोचैम ने कहा है कि भारत के रत्न और आभूषण क्षेत्र ने पश्चिम एशिया को लगभग 8.87 अरब डॉलर का निर्यात किया, जिसमें दुबई एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र के रूप में उभरा। लॉजिस्टिक्स में आने वाली बाधाओं के कारण शिपमेंट में देरी हो सकती है, जिससे व्यापारियों और निर्माताओं की लागत बढ़ सकती है। खाड़ी सहयोग परिषद जीसीसी देशों का भारत के फार्मा निर्यात में लगभग 5.6 प्रतिशत हिस्सा है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा गहरा असर

पश्चिम एशिया में चल रहे इस संघर्ष का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर काफ़ी गहरा असर पड़ेगा। ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में आने वाली बड़ी रुकावटों के कारण विश्व के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 3 प्रतिशत से भी नीचे गिर सकती है। पश्चिम एशिया तेल, एलएनजी, पेट्रोकेमिकल्स, उर्वरकों और एल्युमीनियम का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है इसलिए इस क्षेत्र में होने वाले घटनाक्रमों का असर ऊर्जा, ऑटोमोटिव, निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, तथा कृषि और खाद्य आपूर्ति -्खलाओं पर भी पड़ेगा। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन पर बहुत बुरा असर पड़ा है, जिसका वैश्विक जीडीपी में लगभग 11 प्रतिशत योगदान है, और इसका असर वैश्विक विकास पर भी पड़ेगा। अनुमान है कि कुल मिलाकर, अमेरिका और इजरायल के साथ ईरान के लंबे समय तक चलने वाले युद्ध से लॉजिस्टिक्स की लागत बढ़ सकती है।

देश के स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र की वृद्धि दर 9 प्रतिशत रही

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

देश का स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र वार्षिक आधार पर लगभग नौ प्रतिशत की दर से मजबूत वृद्धि दर्ज हासिल कर रहा है। वित्त मंत्रालय के अनुसार 2024-25 में कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम की राशि 1.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार यह वृद्धि बढ़ती जागरूकता, स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण तक बेहतर पहुंच और चिकित्सा खर्चों के खिलाफ वित्तीय सुरक्षा की बढ़ती मांग को दर्शाती है। पॉलिसीधारकों को समय पर सहायता सुनिश्चित करने के लिए, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण ने कैशलेस स्वास्थ्य बीमा दावों के प्रसंस्करण के लिए विशिष्ट समयसीमा निर्धारित की है। आईआरडीएआई द्वारा कैशलेस प्री-ऑथराइजेशन एक घंटे के भीतर और अंतिम स्वीकृति - तीन घंटे के भीतर किए जाने के निर्देश हैं। इन समय-सीमाओं का उद्देश्य देरी को कम करना और यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों को समय पर चिकित्सा देखभाल मिल सके। आईआरडीएआई के 2024 के नियमों में यह निर्दिष्ट किया गया है कि बीमा उत्पादों का मूल्य निर्धारण सभी प्रासंगिक जोखिम कारकों के आधार पर उचित रूप से किया जाएं, साथ ही ग्राहक प्रतिक्रिया का उपयोग करके समीक्षा की जाए।

दावों का निपटान 87.50 प्रतिशत था

वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में दावों की संख्या के आधार पर निपटाना क्रमशः 85.66 प्रतिशत, 82.46 प्रतिशत और 87.50 प्रतिशत था। विज्ञप्ति में आईआरडीएआई के बीमा भरोसा पोर्टल के हवाले से बताया गया है कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सामान्य और स्वास्थ्य बीमा से संबंधित 1,37,361 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 1,27,755 (93 प्रतिशत) शिकायतों का निपटारा वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ही कर दिया गया।

पश्चिम रेलवे
राजकोट मंडल

शुद्धिपत्र

टेंडर सूचना संख्या: DRM/RJT/E-TENDER/2025-26/49 दिनांक 23/03/2026 टेंडर संख्या DRM-RJT-2025-26-E-99 में बयाना राशि को ₹ 6,25,300.00 के बजाय ₹ 19,01,300/- पढ़ा जाना चाहिए। **1. कार्य का नाम:** राजकोट मंडल: द्वारका (DWK)-बैलेंस वर्क स्टेशनों में अमृत भारत योजना से संबंधित सुधार कार्य। **2. कार्य की लागत:** ₹ 9,50,64,823.95 **3. बयाना राशि:** ₹ 19,01,300.00 **4. खुलने की तिथि:** 15/04/2026 यह प्रमाणित किया जाता है कि ई-टेंडर सूचना दिनांक 23/03/2026 को **"www.ireps.gov.in"** वेबसाइट पर अपलोड की गई है

RJT 224

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

चांदी की कीमत में 14,000 रुपए की गिरावट दर्ज

नई दिल्ली, आरएनएन। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ते दबाव और मजबूत अमेरिकी डॉलर के चलते घरेलू वायदा बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में आज राम नवमी के दिन यानी गुरुवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शाम 5 बजे ट्रेडिंग शुरू होते ही सोने की कीमतों में करीब 2.43 प्रतिशत करीब 3064 रुपये की गिरावट देखने को मिली, जिससे इसका भाव गिरकर लगभग 1,40,830 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया। वहीं, चांदी की कीमतों में इससे भी ज्यादा कमजोरी रही और यह लगभग 5.88 प्रतिशत यानी 14,000 रुपये तक फिसलकर 2,24,605 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

वैश्विक बाजार में सोने की कीमतों में आज कमजोरी देखने को मिली। कॉमेक्स पर स्पॉट गोल्ड करीब 2.63 प्रतिशत गिरकर 4,432 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ गया। बाजार में गिरावट की मुख्य वजह अमेरिकी डॉलर की मजबूती रही, जो गुरुवार को 94 के स्तर के ऊपर बना रहा। डॉलर के मजबूत होने से सोना महंगा हो जाता है।

ओला इलेक्ट्रिक देशभर में शुरू करने जा रही है एंड आईसीईई एज अभियान

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

ओला इलेक्ट्रिक ने गुरुवार को 'एंड आईसीईई एज' अभियान शुरू करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रसार को तेजी से बढ़ावा देना है। कंपनी ने बताया कि इस अभियान के तहत वह अपने एस1 एक्स (2 किलोवाट घंटा) और रोडस्टर एक्स (2.5 किलोवाट घंटा) मॉडल की शुरुआती कीमत 49,999 रुपये रख रही है। इसके साथ ही पूरे उत्पाद समूह पर 50,000 रुपये तक के लाभ भी दिए जा रहे हैं, जो 31 मार्च तक मान्य होंगे। कंपनी का कहना है कि इस पहल से इलेक्ट्रिक वाहन आम लोगों के लिए अधिक आकर्षक विकल्प बनेंगे, खासकर ऐसे समय में जब ईंधन की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक भाविश अग्रवाल ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने ऊर्जा सुरक्षा के महत्व को फिर से सामने ला दिया है और देश को ऊर्जा के वैकल्पिक साधनों की ओर तेजी से बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि 'सएंड आईसीईई एज' अभियान के तहत कंपनी अपने उत्पादों को किफायती कीमत, भरोसेमंद सेवा और भविष्य में आसान बदलाव की सुविधा के साथ पेश कर रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाएं।

इंडसइंड बैंक ने पेश की कैपिटल गेन अकाउंट स्कीम

मुंबई, आरएनएन। इंडसइंड बैंक ने गुरुवार को कैपिटल गेन अकाउंट स्कीम पेश की, जिसके तहत ग्राहक पुनर्निवेश तक दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ को जमा रख सकते हैं और इस दौरान आयकर कानून के तहत कर छूट का लाभ उठा सकते हैं। बैंक की ओर से बताया गया है कि यह योजना पूंजीगत लाभ को पुनर्निवेश तक सुरक्षित और नियमों के अनुरूप रखने की सुविधा प्रदान करती है, जिससे ग्राहक निर्धारित वैधानिक समय सीमा के भीतर सोच-समझकर उस पूंजी को दोबारा निवेश करने के बारे में निर्णय ले सकेंगे।

म्यूचुअल फंड्स हाउसेज रिटायरमेंट और चिल्ड्रेन फंड्स ग्राहकों को पेश करते रहेंगे

नई दिल्ली, आरएनएन। म्यूचुअल फंड्स हाउसेज रिटायरमेंट और चिल्ड्रेन फंड्स ऑफर करते रहेंगे। इससे पहले 26 फरवरी को इश्यू सर्कुलर के जरिए रेगुलेटर ने सॉल्यूशन ओरिएंटेड फंड्स बंद करने का फैसला लिया था। सेबी ने अब स्पष्ट किया है कि अगर एसेट मैनेजमेंट कंपनी चिल्ड्रेंस फंड जारी रखने का फैसला लेती है तो वह 20 साल की अवधि वाला लाइफ साइकिल फंड लॉन्च नहीं कर सकेगी।

सरसों के दाम में सुधार से तेल तिलहन में मजबूती दर्ज की गई

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

किसानों की ओर से कम आवक और बड़ी तेल मिलों द्वारा सरसों के दाम 200-300 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाये जाने के बाद सरसों तेल-तिलहन कीमतों में आई तेजी के असर से देश के तेल-तिलहन बाजार में अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम मजबूत हो गये।

सामान्य कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के भाव स्थिर रहे। मलेशिया एक्सचेंज में 3.30 बजे लगभग 1.75 प्रतिशत की तेजी थी। शिकॉगो एक्सचेंज में लगभग 2.5 प्रतिशत की तेजी थी और फिलहाल भी यहां सुधार जारी है। बाजार सूत्रों के मुताबिक सरसों की आवक 10 लाख बोरी से भी घटकर लगभग आठ लाख बोरी रह गई है। जबकि सूरजमुखी, सोयाबीन, पामोलीन से सस्ता होने की वजह से सरसों तेल की मांग बढ़ रही है। आयातित खाद्य तेलों के मुकाबले सरसों का दाम 5-7 रुपये किलो सस्ता है। सरसों की तेजी का असर और 'इन तेलों के दाम विदेशों में भी मजबूत होने के परिणामस्वरूप सोयाबीन तेल-तिलहन, पाम-पामोलीन और बिनौला तेल के दाम में भी मजबूती रही।

NAME CHANGE

I hitherto Known as GAJRAJPRASAD SHARMA S/O: NARAYAN PRASAD SHARMA, R/O- 161, Gram Ghatbamuriya, Post Onder, Teh.Mungaoli, VTC: Ghat Bamuriya, PO: Mungaoli, Sub District: Mungaoli, District: Ashok Nagar, State: Madhya Pradesh, Pin Code: 473443, have changed my name and shall hereafter be known as RAJESH SHARMA.

पश्चिम मध्य रेल

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई-निविदा आमंत्रित करते हैः- **क्र.सं.:01, निविदा सूचना क्रमांकः** जबल-एन-सिग.-टेण्डर-2026-10, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल की वर्तमान अप और डाउन मेन लाइनों तथा नई तीसरी लाइन पर हरदुआ (HDU)-न्यू मझगवां फाटक (NMWP) के बीच आई.बी.एस. के प्रावधान के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य (सिगनलिंग कार्य), **निविदा का अनुमानित मूल्य (रु. में)**: ₹4,20,62,461.00, **बयाना राशि रुपयेः** ₹8,41,200/-, **निविदा फॉर्म की कीमत (रुपये)**: ₹0.00, **कार्यालय का पताः** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर, **समापन अवधि (माह)**: 11 माह, **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समयः** दिनांक 16.04.2026 को 15:00 बजे तक बंद होगी एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। **नोटः** निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन की जा सकती है। **(हस्ता.)**

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी ईकाई)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची–834008, झारखंड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, **www.cmpdi.co.in**), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/04/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

होशंगाबाद, इटारसी, 137660750000129, सोहागपुर, 138120700005079, द्रन्थ्ध्झ्, कृष्ण गंज सागर, 129260730023498, 3621, शहडोल, शहडोल एम.पी., 137330700008985,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/– रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

बिजनेस न्यूज

जी टीवी के शो 'गंगा माई की बेटियां' में अब शहजाद शेख की होने जा रही है एंट्री

भोपाल। जी टीवी का पॉपुलर शो 'गंगा माई की बेटियां', जिसमें शीजान खान और अमनदीप सिद्धू लीड रोल में नजर आ रहे हैं, अब अपनी कहानी में एक नया मोड़ लाने जा रहा है। शो में अब एक नया किरदार जुड़ने वाला है। जाने-माने एक्टर शहजाद शेख इस शो का हिस्सा बन गए हैं और वो श्लोक के रोल में नजर आएंगे, जो एक होटलियर है और जिसकी एंट्री से सिद्धू और स्नेहा की जिंदगी में नए ट्विस्ट और दिलचस्प मोड़ देखने को मिलेंगे। शहजाद शेख कहते हैं, 'मैंने अपना करियर जी टीवी के साथ 12 साल पहले 'कुबूल है' से शुरू किया था और अब इतने साल बाद फिर से जी परिवार का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खास है। मैं 'गंगा माई की बेटियां' को पहले से फॉलो कर रहा था और जब मुझे यह शो ऑफर हुआ, तो शुरुआत में मैं थोड़ा कंफ्यूज था। लेकिन जब मैंने किरदार एवं कहानी को अच्छे से समझा, तो मुझे लगा कि यह करना चाहिए।

सैमसंग ने गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी पेश किए

भोपाल। सैमसंग ने आज गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी लॉन्च किए। ये दोनों स्मार्टफोन गैलेक्सी ए सीरीज के नए मॉडल हैं, जिन्हें खासतौर पर उन युवाओं के लिए डिजाइन किया गया है जो फोटोग्राफी, परफॉर्मेंस, एआई-इनेबल्ड रोज़मर्रा के फीचर्स और ड्यूरेबिलिटी को प्राथमिकता देते हैं। गैलेक्सी ए57 5जी में एल्यूमिनियम फ्रेम दिया गया है, और 6.9 एमएम की मोटाई के साथ यह अब तक का सबसे पतला गैलेक्सी ए सीरीज डिवाइस है। ए57 5जी के पतले बेज़ल्स डिवाइस के विज़ुअल बैलेंस को बेहतर बनाते हैं और देखने के अनुभव को ज्यादा शानदार व्यूइंग एक्सपीरियंस देते हैं। गैलेक्सी ए57 5जी में 120 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट के साथ विजन बूस्टर टेक्नोलॉजी दी गई है। इसमें 1900 निट्स की पीक ब्राइटनेस है, जिससे यूज़र्स बाहर भी कंटेंट साफ देख सकते हैं और एचडीआर कंटेंट का बेहतर आनंद ले सकते हैं।

OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL PANNA M.P.

S.No/1583/Public Works section/mu.co.panna/2026 Panna Date 25.03.2026

TENDER INVITING NOTICE

On Line Tender is Invited For Following Works the Discription Of Works Can be Seen on www.mptender.gov.in

S. No	Tender No	NIT No	Name of Work	Proable Amount PAC (Rs.)	Earnest Money	Completion period (Month)	Cost of bid Document
01	2026_UAD_494696_1	1583	CONSTRUCTION OF ROAD DIVIDER AND OTHER WORKS FROM GEETA PETROL PUMP TO POST OFFICE TIRAHA WARD NO 03 UNDER CM INFRA 4TH FACE (TEMPLE WALK) PANNA MP	492.55 Lacs	246300	06 Months INCLUDING RAINY	15000/-

1- Interested bidders can view the detailed NIT & other document on website www.mptender.gov.in/(Department Name Urban administration & Development deepartment) Any Amendment of tender in show only website.
2- Tender documents can be purchased only online www.mptender.gov.in from 27.03.2026 17.30 (time) TENDER END DATE 07.05.2026 (date) to 17.30 by making online payment for Tender Document Cost plus Service & Gateway Charges as per Key date.
3. Standard Schedule of Rates (ISSR) of Urban Administration & Development Department effective form ISSR.
3- On acceptance of the tender, the tenderor will have to get necessary design of Construction work crust design approved from government engineer collage or equivalent.

CHEIF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL PANNA (M.P.)

CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED
कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड
पंजीकृत एवं वाणिज्यिक कार्यालय :- 502, टॉवर-ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई-400013
मंडल कार्यालय :- 9-बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, राजेन्द्र पैलेस, नई दिल्ली-110060

आधिपत्य सूचना परिशिष्ट IV (अचल संपत्ति के लिए)

जहां कहीं, सिक्यूरीटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेन्सियल एस्सेट्स एवं इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट एक्ट 2002 के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरकर्ता ने कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी तौर पर उपरोक्त सूचना की प्राप्ति से 60 दिवस के अंदर सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने हेतु ऋणकर्ताओं/प्रतिभूतिकर्ताओं को माँग पत्र (त्रों) जारी किया था । ऋणकर्ता(गण)/प्रतिभूतिकर्ता(गण) राशि का पुर्नभुगतान करने में असफल रहे है ,इस सूचना द्वारा ऋणकर्ता(गण)/प्रतिभूतिकर्ता(गण) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में यह सूचना दी जाती है कि सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के नियम 8 के साथ उपरोक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिग्रहण कर लिया है । ऋणकर्ता का ध्यान उपलब्ध समयसीमा में सुरक्षित संपत्तियों को पुनः प्राप्त करने हेतु अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) की ओर दिलाया जाता है। ऋणकर्ताओं को विशेष रूप में एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार ना करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार सीजीसीएल की राशि एवं उस पर देय ब्याज के शुल्क के विषयांतर्गत होगा ।

क्र. सं.	ऋणकर्ता(ओं) / प्रतिभूतिकर्ताओं का नाम	अचल संपत्ति (सुरक्षित संपत्ति) का विवरण	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	अधिग्रहण की तिथि
1.	ऋण खाता सं. LNMEGNA000121106 (पुराना) 80300005725936 (नया) हमारी गुना शाखा का) LNMEGNA000082549 (पुराना) 80400005718502 (नया) हमारी ब्यावरा शाखा का) रवि धाकड़ (ऋणी) श्री रामबाबू धाकड़ श्री दिलीप धाकड़ श्रीमती गैंदी बाई श्री प्रदीप धाकड़ श्रीमती प्रीति धाकड़ (सह-ऋणी)	भूमि और भवन का वह संपूर्ण अंश भाग, जो मकान संख्या 83 पीएच संख्या 28 (पुराना) और पीएच संख्या 57 (नया), वार्ड संख्या 01 के रूप में स्थित है; जिसका क्षेत्रफल 2684.5 वर्ग फुट है; ग्राम धनाखेड़ा, तहसील बामोरी, जिला गुना, मध्य प्रदेश-473105; जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तर वल्लभ धाकड़ का मकान, दक्षिण मोहन प्रसाद किरार का मकान, पूर्व सड़क पश्चिम ओपन प्लॉट	08-01-2026 रु. 2055260/-	24.03.2026

स्थान : गुना
दिनांक : 27.03.2026

हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी)
कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) के लिए

पश्चिम रेलवे
वडोदरा मंडल

मौजूदा OHE में OHE संशोधन और अन्य संबंधित TRD कार्य

निविदा सूचना सं. इएल-टीआरडी-टेंडर-25-26-35 भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (कर्षण वितरण) वडोदरा द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या और कार्य का नामः इएल-टीआरडी-टेंडर-25-26-35** विश्वमित्री स्टेशन पर मौजूदा ओएचई में ओएचई में संशोधन एवं अन्य संबंधित टीआरडी कार्य प्लेटफार्म के विस्तार और स्टेशन को टर्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित करने, रानोली-बाजवा के अंतिम छोरों को जोड़ना और वडोदरा स्टेशन पर वडोदरा, अहमदाबाद एवं गोधरा के लिए दोनों को प्रेषण के लिए स्टार्टर सिग्नल के संबंध में ओएचई में संशोधन कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 6,96,01,383.14/- **बोली प्रतिभूति (रु):** ₹ 4,98,000/- **निविदा की राशि एवं कार्य समापन की अवधि:** कार्य समापन की अबाधि 18 माह **निविदा की समय सारणी:** निविदा बंद होने का दिनांक एवं समय 20/04/2026,15-00 बजे **वेबसाइट विवरण और सूचना का लोकेशन जहां पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता विवरण जानकारी के लिये:** वेबसाइट **विवरण www.ireps.gov.in** मंडल रेल प्रबंधक (कर्षण वितरण) पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वड़ोदरा-390004

BRC 405

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम मध्य रेल

मं.रे.प्र./कार्य/भोपाल ■ खुली ई-निविदा सूचना ■ दि. 25.03.2026

वरिष्ठ मण्डल अभियंता/सम./पश्चिम मध्य रेल, भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15.30 बजे तक ई–टेन्डर आमंत्रित करते है। संपुर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिए कोई मॅन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरुरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानुन 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाएं प्रस्तुत करें।

NIT No.: WCR-BPL-W-25-26-HQ-31-174, Date 14.03.2026. **Name of work including Location: रानी कमलापति - एडीईएन (वर्क्स) भोपाल के अंतर्गत हबीबगंज में पंप हाउस नंबर 1 के विस्तार और पंप हाउस नंबर 6 की पाइपलाइन को बदलने का कार्य। Published cost of tender:** ₹ 7,37,373.60. **Earnest Money:** ₹ 14,800/-. **Completion Period:** 3 माह। **Last date for submitting tender:** 07.04.2026.

NIT No.: WCR-BPL-W-25-26-S-33-175, Date 19.03.2026. **Name of work including Location: इटारसी - एडीईएन (डब्ल्यू) ईटी के तहत दो साल के लिए इटारसी रेलवे स्टेशन, पैसेंजर यार्ड और न्यू यार्ड कॉलोनियो में जब भी और जहां भी आवश्यक हो, आवश्यक मात्रा में पीने योग्य पानी की आपूर्ति। Published cost of tender:** ₹ 1,39,51,250/-. **Earnest Money:** ₹ 2,79,000/-. **Completion Period:** 24 माह। **Last date for submitting tender:** 14.04.2026.

NIT No.: WCR-BPL-W-25-26-S-34-176, Date 19.03.2026. **Name of work including Location: इटारसी - इटारसी स्टेशन तक अप्रोच रोड को चौड़ा और बेहतर बनाना, जिसमें PF-7 की ओर पाथवे, कर्ब और साइड ड्रेन का प्रावधान शामिल है। Published cost of tender:** ₹ 5,61,04,894.34. **Earnest Money:** ₹ 11,22,100/-. **Completion Period:** 12 माह। **Last date for submitting tender:** 14.04.2026.

NIT No.: WCR-BPL-W-25-26-S-35-177, Date 19.03.2026. **Name of work including Location: भोपाल मंडल: इटारसी-खंडवा रेल खंड के 5 एन.एस.जी.-6 स्टेशनों (पीएएल, सीआरके, पीजीएल, डीकेआई और डीआरए) पर एफ.ओ.बी. का प्रावधान। Published cost of tender:** ₹ 9,97,00,505.72. **Earnest Money:** ₹ 19,94,000/-. **Completion Period:** 12 माह। **Last date for submitting tender:** 14.04.2026.

NIT No.: WCR-BPL-W-25-26-S-36-178, Date 19.03.2026. **Name of work including Location: भाग एः भोपाल डिवीजन - इटारसी-खंडवा अनुभाग में एमटीए (2), टीएलवी (2), बीआईआर (2) और सीकेकेडी (2) पर मौजूदा प्लेटफार्मों को उच्च स्तर तक बढ़ाना। भाग बीः भोपाल मंडल - इटारसी-खंडवा अनुभाग में डीआरएचआई (2), बीआरयूडी (2), बीआरआई (2) और पीएएल (2) स्टेशनों पर मौजूदा प्लेटफार्मों को उच्च स्तर तक बढ़ाना। भाग सीः भोपाल मंडल - इटारसी-खंडवा अनुभाग में सीआरके (2), पीजीएल (2), डीकेआई (2) और डीआरए (2) स्टेशनों पर मौजूदा प्लेटफार्मों को उच्च स्तर तक बढ़ाना। Published cost of tender:** ₹ 56,20,26,998.13. **Earnest Money:** ₹ 1,12,40,500/-. **Completion Period:** 24 माह। **Last date for submitting tender:** 14.04.2026.

NIT No.: WCR-BPL-W-25-26-N-36-179, Date 20.03.2026. **Name of work including Location: भोपाल डिवीजनः डीईएन/उत्तर/भोपाल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बीईटी-बीना-एमडीबीके यूपी/मिड/डीएन मुख्य लाइनें और लूप लाइनें/साइडिंग का वेल्ड नवीनीकरण (कुल लंबाई 57.45 किमी)। Published cost of tender:** ₹ 3,65,09,345.26. **Earnest Money:** ₹ 7,30,200/-. **Completion Period:** 24 माह। **Last date for submitting tender:** 13.04.2026.

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर